# GOSSNER EVANGELICAL – LUTHERAN CHURCH
# IN CHOTANAGPUR AND ASSAM

## GELC ARCHIVE

Signature: **GELC-A _ 001 _ 0750**

Classification:

Original File No: 4-E

**Title**

| |
|---|
| Gossner Boys Middle School |

Volume:

Running **from year: 1989** **till year:**

**Content:**

- Letter Correspondence to Manager, Bank of India on 30-8-1989.

1989

File No. 4E

Name Gossner Bay Middle School

Subject

Serial No. To

From(Months) To

Year 19

# GOSSNER EVANGELICAL LUTHERAN CHURCH

IN CHOTANAGPUR & ASSAM

(Registered Under Societies Registration Act, XXI of 1860)

Vide No. 273-J of 30-7-1921

**Rev. Martin Tete**
*Pramukh Adhyaksh*
*(President)*

*Head Office :*
**G.E.L. Church, Ranchi**
**Bihar/India, Phone 23358**


Ref ३८७/८९/के० एस० एस०/४ Date 30-८-१९८९

प्रेषक, अध्यक्ष प्रबंध समिति,
गोस्सनर मध्य विद्यालय, राँची।

सेवा में,
प्रबंधक,
बैंक ऑफ इंडिया
क्लब साइड शाखा, मेन रोड, राँची।

बिषय:- (i) बचत खाता संख्या २४४८ का संचालन।
(ii) आप का पत्र संख्या ४/१६/४३२.

महाशय,

उपर्युक्त बिषयक इस कार्यालय के पत्रांक ८८/८९/के० एस० एस०/५० दिनांक २६/४/८९ के द्वारा आप को सूचित किया गया था कि गोस्सनर मध्य विद्यालय की प्रबंध समिति ने दिनाँक ०३/१२/८८ के पारित प्रस्ताव के द्वारा श्री० हेरन कन्डुलना को स्कूल के सचिव पद से हटाकर उनके स्थान पर नये सचिव श्री० एम० पी० कोनगाड़ी एवं प्रधानाध्यापक के साथ सयुंक्त रूप से बचत खाता संख्या २४४८ का संचालन करेंगे।

श्री० हेरन कन्डुलना को सचिव पद से हटाने के संबंध में आप को जानकारी दी जाती है कि श्री० हेरन कन्डुलना ने शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में प्रबंध समिति के द्वारा पारित प्रस्ताव का अनुपालन नहीं किया। उनको तीन बार प्रबंध समिति के निर्णय की कार्रवाई करने का मौका दिया गया था।

प्रबंध समिति के द्वारा पारित प्रस्ताव का अनुपालन नहीं करने के कारण प्रबंध समिति ने बाध्य होकर श्री हेरन कन्डुलना को सचिव पद से दिनांक ०३-१२-८८ को हटा दिया।

ऐसी परिस्थिति में हेरन कन्डुलना के द्वारा बचत खाते का संचालन में बाधा डालनी सही एवं उचित नहीं जान पड़ता है। चूंकि समय समय पर विद्यालय के विकास एवं कर्मचारियों के वेतन आदि के भुगतान के लिए पैसे की

GOSSNER EVANGELICAL LUTHERAN CHURCH
IN CHOTANAGPUR & ASSAM
(Registered Under Societies Registration Act, XXI of 1860)
Vide No. 273-J of 30-7-1921

**Rev. Martin Tete**
*Pramukh Adhyaksh*
(*President*)

*Head Office* :
**G.E.L. Church, Ranchi**
**Bihar/India, Phone 23358**



Ref ..........

Date ..........

निकासी की अवश्यकता पड़ती है।

दूसरी बात है कि स्कूल के नये सचिव श्री० एम० पी० कोनगाड़ी एवं प्रधानाध्यापक ने संयुक्त हस्ताक्षर के जरिये पत्रांक ०४/८९ दिनांक २८·०४·८९ के द्वारा आप को सूचित किया है कि प्रबंध समिति ने दिनांक ०३-१२-८८ को श्री० हेरन कन्डुलना को सचिव पद से हटा दिया है, एवं अब वे खाता संख्या २४४८ का संचालन नहीं कर सकते हैं।

अतः आप से अनुरोध है कि उपर्युक्त विन्दु पर विचार कर नये सचिव श्री० एम० पी० कोनगाड़ी एवं प्रधानाध्यापक के साथ संयुक्त रूप से खाता संख्या २४४८ का संचालन करने की दिशा में कार्रवाई करेंगे। दिनांक ०३-१२-८८ को प्रबंध समिति के द्वारा पारित प्रस्ताव की फ़ोटो कॉपी आप के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित की जाती है।

भवदीय आप का

मार्टिन टेटे

संलग्न: (1) फ़ोटो कॉपी

अध्यक्ष, प्रबंध समिति
गोस्सनर मध्य विद्यालय
राँची।

RPW/8-86
B 1

**क्लबसाइड शाखा**
गुड बुक्स बिल्डिंग,
मेन रोड, (दक्षिण)
राची, बिहार
दूरध्वनि : 22263
तार पता : क्लबस्ट्रिन
टेलेक्स :

(265) 148 – 8

# बैंक ऑफ इंडिया
# BANK OF INDIA

**CLUBSIDE BRANCH**
Good Books Building
Main Road (South)
Ranchi, Bihar
Phone : 22263
Tele. Add. : Clubstrin
Telex :

संदर्भ सं/Ref. No. : क-सा | कि क्षिम | 16 | 432

दिनांक/Date : अगस्त 21, 1989

अध्यक्ष
गोस्नर मिडिल स्कूल
द्वारा जी. ई. एल. चर्च
रांची

महोदय,

: बचत खाता संख्या 2448 का संचालन

: आपका पत्र संख्या 88/89/KSS/50 दिनांक 26/04/89

उपरोक्त पत्र द्वारा आपने सूचित किया कि स्कूल की प्रबंध समिति में दिनांक 03-12-88 को पारित प्रस्ताव के अनुसार श्री हेरेन कन्डुलना को सचिव पद से हटा दिया गया एवं उनके स्थान पर नये सचिव श्री एम. पी. कोन्गारी स्कूल के प्रधानाध्यापक के साथ संयुक्त रूप से खाते का संचालन करेंगे। उक्त पत्र के साथ 03-12-88 को पारित प्रस्ताव की सत्य-प्रतिलिपि हमें प्राप्त नहीं हुई है।

श्री हेरेन कन्डुलना ने अपने पत्र क्रमांक 89 दिनांक 07/08/89 द्वारा इस सम्बन्ध में आपत्ति व्यक्त की है। ऐसी विवादास्पद स्थिति में उक्त खाते का संचालन बन्द करने के अतिरिक्त हमारे लिए और कोई विकल्प नहीं है।

खाते का पुनः संचालन आरम्भ किया जा सके इसके लिए आवश्यक है कि विवाद का निपटारा किया जाय। अतः कृपया 03-12-88 को पारित किये गये प्रस्ताव की सत्य-प्रतिलिपि संलग्न करते हुए विवाद के निपटारे के सम्बन्ध में आप द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना हमें अविलम्ब प्रेषित करें।

प्रतिलिपि प्रेषित -
श्री हेरेन कन्डुलना
द्वारा गोस्नर कौंसिल मिडिल स्कूल
रांची -



भवदीय
[signature] 21/8
उप-प्रबंधक

RFW/8-86
B 1

(569) 1/P
198-8/40


कलबसाइड शाखा
गुड बुक्स बिल्डिंग,
मेन रोड, (दक्षिण)
राची, बिहार
दूरध्वनि : 22263
तार पता : कलबस्ट्रिन
टेलेक्स :


# बैंक ऑफ इंडिया
# BANK OF INDIA


CLUBSIDE BRANCH
Good Books Building
Main Road (South)
Ranchi, Bihar
Phone : 22263
Tele. Add. : Clubstrin
Telex :


संदर्भ सं/Ref. No. : क-सा/कि सि म/16/432

दिनांक/Date : अगस्त 21, 1989

अध्यक्ष
गोस्नर मिडिल स्कूल
द्वारा जी. ई. एल. चर्च
रांची

महोदय,

: बचत खाता संख्या 2448 का संचालन

: आपका पत्र संख्या 88/89/KSS/50 दिनांक 26/04/89

उपरोक्त पत्र द्वारा आपने सूचित किया कि स्कूल की प्रबंध समिति में दिनांक 03-12-88 को पारित प्रस्ताव के अनुसार श्री हेरेन कन्डुलना को सचिव पद से हटा दिया गया एवं उनके स्थान पर नये सचिव श्री एम. पी. कोंगारी स्कूल के प्रधानाध्यापक के साथ संयुक्त रूप से खाते का संचालन करेंगे। उक्त पत्र के साथ 03-12-88 को पारित प्रस्ताव की सत्य-प्रतिलिपि हमें प्राप्त नहीं हुई है।

श्री हेरेन कन्डुलना ने अपने पत्र क्रमांक 89 दिनांक 07/08/89 द्वारा इस सम्बन्ध में आपत्ति व्यक्त की है। ऐसी विवादास्पद स्थिति में उक्त खाते का संचालन बन्द करने के अतिरिक्त हमारे लिए और कोई विकल्प नहीं है।

खाते का पुनः संचालन आरम्भ किया जा सके इसके लिए आवश्यक है कि विवाद का निपटारा किया जाय। अतः कृपया 03-12-88 को पारित किये गये प्रस्ताव की सत्य-प्रतिलिपि संलग्न करते हुए विवाद के निपटारे के सम्बन्ध में आप द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना हमें अविलम्ब प्रेषित करें।

प्रतिलिपि प्रेषित -
श्री हेरेन कन्डुलना
द्वारा गोस्नर कॉलेज मिडिल स्कूल
रांची -



भवदीय
(signature) 21/8/89
उप-प्रबंधक